———————

राज्यपाल से लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के 34 छात्र–छात्राओं ने तमिल संगम के अन्तर्गत अपने तमिलनाडु भ्रमण से पूर्व मुलाकात कर आर्शीवाद प्राप्त किया

———————

लखनऊ : 12 जुलाई, 2023

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से आज राजभवन में लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के मानव शास्त्र विभाग के 34 छात्र–छात्राओं के समूह ने भेंट की, यह समूह तमिलनाडु की टोडा जनजाति के सामाजिक–सांस्कृतिक पहलुओं का अध्ययन करने के लिए 14 जुलाई, 2023 को लखनऊ से तमिलनाडु के लिए प्रस्थान करेगा।

छात्र–छात्राओं के दल को आशीर्वचन देते हुए राज्यपाल जी ने कहा की टोडा जनजाति अपनी विशिष्ट सामाजिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं के लिए जानी जाती है, इसलिए आप लोग उस समुदाय के लोगों से अपना स्थाई संबंध बना कर आइए और उनकी आवश्यकताओं का भी विशेष अध्ययन कीजिए।

राज्यपाल जी द्वारा दल को निर्देशित किया गया कि इस शैक्षणिक भ्रमण से वापस आने के बाद अपने अनुभव संबंधी विस्तृत रिपोर्ट विश्वविद्यालय एवं राजभवन को सौंपी जाय।

इस अवसर पर प्रोफेसर आलोक कुमार राय, कुलपति, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा कुलाधिपति जी को दिनांक 8 एवं 9 जुलाई, 2023 को छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर में आयोजित 'शिक्षा मंथन 2023' की रिपोर्ट भी सौंपी।

इस मौके पर अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल डा0 सुधीर एम0 बोबडे तथा दल के अन्य सदस्य प्रो0 अरविंद अवस्थी, अधिष्ठाता कला संकाय, प्रो. केया

पांडेय अध्यक्ष मानवशास्त्र विभाग, डा महिमा सिंह, सहायक आचार्य मानवशास्त्र विभाग, राजेंद्र प्रसाद गर्ल्स कॉलेज लखनऊ सहित 34 छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

———–—

चन्द्र विजय वर्मा/राजभवन